दैनिक भास्कर

गुमला सिमडेगा 23-07-2025

जिला सेवा प्राधिकार व ग्राम नियोजन केंद्र की भूमि साक्षरता पर कार्यशाला

भूमि विवाद औसतन चार आपराधिक मामलों को देता है जन्म : डालसा सचिव





कार्यशाला को संबोधित करते न्यायिक अधिकारी और कार्यक्रम में उपस्थित प्रशिक्षणार्थी।

भास्कर न्यूज | लोहरदगा

जिला विधिक सेवा प्राधिकार एवं ग्राम नियोजन केंद्र, लोहरदगा के संयुक्त बैनर तले भूमि साक्षरता विषय पर मंगलवार को एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन व्यवहार न्यायालय परिसर स्थित डालसा सभा कक्ष में की गई। जिसमें उपस्थित पीएलवी से जिले में प्रतिदिन भूमि एवं उससे संबंधित उत्पन्न विवाद के संबंध में विस्तृत जानकारी ली गई।

वहीं डालसा सचिव राजेश कुमार ने इस बात को रेखांकित किया कि भूमि विवाद औसतन 4 आपराधिक मामले को जन्म देती है। अतः भूमि साक्षरता के अंतर्गत पीएलवी इस बात की जानकारी अवश्य रखें कि भूमि हस्तांतरण विधिक तरीके से कैसे की जाती है, खरीद बिक्री के क्या पैमाने है, अंचल कार्यालय का नामांतरण में क्या भूमिका होती है आदि। इसके पूर्व कार्यक्रम का उद्घाटन लैन्डेसा कि शिप्रा देव और डालसा सचिव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। वहीं ग्राम नियोजन केंद्र के इस्तियाक अहमद ने लिखित प्रश्नावली देकर प्रतिभागियों से जमीन से संबंधित उनकी समझ को लेकर जानकारी हासिल की। जिसके बाद भूमि से संबंधित किन विषयों पर प्रशिक्षण दिया जाना है इस बात को जाना। वहीं लैन्डेसा की शिप्रा देव ने इस बात को बतलाया कि झारखंड में भूमि विवाद के कारण अनेकों हत्याएं होती रहती है।

डायन बिसाही के आरोप लगाकर एकल महिला से उनकी भूमि छीन ली जाती है। महिलाओं को भी जमीन के विभिन्न कागजातों से रूबरू होना आवश्यक है। मौके पर एलएडीसीएस के डिप्टी चीफ नारायण साहू, पम्मी कुमारी कार्यालय सहायक जीकेएन, निमर्ह्ति मिंज, हफीजुल अंसारी, गौतम लेनिन, रवि कुमार, दुखिंता मिंज, रोहित कुमार, बबलू कुमार सिंह, विशाल सोनी, शीत महतो, धनेश्वर साहू, जीतनारायण शाही, सुरेश प्रसाद, सुनेश्वर उरांव, छाया देवी, अनिता कर्मकार, देवमणि कुमारी, योगेंद्र राम, प्रियांशु यादव, दीपक कुमार, मंजू खाखा, शाहिद हुसैन, अफान खान, जितेंद्र राम, प्रभु दयाल पासी, कलावती कुमारी, वीरचंद भगत, संतोष भगत, निशा कुमारी, मीना कुमारी, कलिंदर उरांव, पूजा देवी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।